कार्यालय अपीलीय अधिकारी (सूचना का अधिकार) एवं संचालक,
तकनीकी शिक्षा, भोपाल—462004 (म.प्र.)

क्र. सूअप्र/ संतशि/ 2010/ 488
भोपाल दिनांक : 13/9/10

डॉ.बी.पी. रघुवंशी,
एफ–4, पोली. कालेज कैंपस,
उज्जैन–456010 (म.प्र.) आवेदक/अपीलार्थी

विरूद्ध

लोक सूचना अधिकारी,
तकनीकी शिक्षा, म.प्र. अनावेदक/ प्रतिअपीलार्थी

—000—

प्रथम अपील सुनवाई दिनांक 13.09.2010
(डॉ.बी.पी. रघुवंशी—म.प्र)

आवेदक/अपीलार्थी उपस्थित ।

अनावेदक/प्रति अपीलार्थी (**लोक सूचना अधिकारी, तकनीकी शिक्षा, भोपाल के अवकाश पर होने के कारण उनके स्थान पर नामांकित अधिकारी श्री एस.बी. चौबे लो.सू.अ. की ओर से सुनवाई में उपस्थित हुए**).

—000—

1/— अपीलार्थी द्वारा एक आवेदन ~~लोक~~ लोक सूचना अधिकारी, तकनीकी शिक्षा, भोपाल को प्रस्तुत कर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई थी । लोक सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक को उपलब्ध कराई गई जानकारी से संतुष्ट न होने के कारण आवेदक के द्वारा अपीलीय अधिकारी को प्रथम अपील प्रस्तुत की गई हैं ।
2/— अपील की सुनवाई के दौरान आवेदक/अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन, प्रथम अपील आवेदन एवं लोक सूचना अधिकारी, तकनीकी शिक्षा, भोपाल द्वारा की गई कार्यवाही का मेरे द्वारा अवलोकन किया गया ।
3/— लोक सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक द्वारा चाही जानकारी विवरणात्मक होने के आधार पर आवेदक का आवेदन निरस्त किया गया है । आवेदक द्वारा अपने आवेदन में यह स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है कि उसे कौन से अभिलेख / दस्तावेज की प्रति सूचना के अधिकार के अंतर्गत चाहिए। लोक सूचना अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही से मैं सहमत हूं । आवेदक को भी पृथक से यह अवगत कराया गया कि वेतनमान के लाभ से संबंधी उनकी जो वास्तविक समस्या है उसके संबंध में संपूर्ण स्थिति दर्शाते हुए अभ्यावेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करें ताकि उस पर विचार कर नियमानुसार समाधान किया जा सके ।

..2..

5/– उपरोक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में आवेदक की सहमति उपरांत प्रस्तुत अपील समक्ष में निराकृत की गई ।

7/–उक्त निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में आवेदक द्वारा अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समयावधि में निम्नानुसार अपील की जा सकती है।

द्वितीय अपील	**समय–सीमा**
राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयोग, निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, 58, अरेरा हिल्स, भोपाल–462011(म.प्र.)	विनिश्चय की प्राप्ति के 90 दिनों के भीतर

अपीलीय अधिकारी एवं संचालक
तकनीकी शिक्षा संचालनालय,
भोपाल–म.प्र.

क्र. सूअप्र/ संतशि/10/ 489 **भोपाल दिनांक :** 13/9/10

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1/– **डॉ.बी.पी. रघुवंशी, एफ–4, पोली. कालेज कैंपस, उज्जैन–456010 (म.प्र.)।**
2/– लोक सूचना अधिकारी संचालनालय, तकनीकी शिक्षा, भोपाल ।
3/– संचालक तकनीकी शिक्षा के वरिष्ठ निज सहायक ।
4/– श्री देवेन्द्र मालविया, स्टेनोग्राफर, तकनीकी शिक्षा, भोपाल ।
5/– संचालनालय कंप्यूटर सेल ।

अपीलीय अधिकारी एवं संचालक
तकनीकी शिक्षा संचालनालय,
भोपाल–म.प्र.